दिन– सोमवार दिनांक– 20 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने के खिलाफ एनडीए महिला कार्यकर्ताओं का आज पटना में आक्रोश प्रदर्शन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी होंगे शामिल।

02. जदयू विधानमंडल दल की आज पटना में बैठक। पार्टी के विधानमंडल दल के नेता और उपनेता का होगा चुनाव।

03. राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी।

04. और, प्रदेश का दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में। रोहतास के डेहरी का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने के खिलाफ एनडीए महिला कार्यकर्ताओं का आज पटना के गांधी मैदान के करगिल चौक पर आक्रोश प्रदर्शन होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि प्रदर्शन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महिलाएं गांधी मैदान मार्च करती हुईं करगिल चौक तक जाएंगी और विपक्षी दलों से जवाब मांगेंगी।

——साउंड बाइट——

आक्रोश प्रदर्शन के मद्देनजर गांधी मैदान के आस–पास यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके चलते कार्यक्रम समाप्ति तक इस इलाके में ऑटो और ई–रिक्शा का परिचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने पर विपक्षी दलों की

आलोचना की है। सासाराम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का महिला विरोधी चेहरा लोगों के सामने आ गया है।

––साउंड बाइट––

इस बीच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रामपुकार सिन्हा ने बताया कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का विरोध करने वाले कांग्रेस और महागठबंधन के अन्य दलों के खिलाफ बाईस अप्रैल को जिला मुख्यालयों में धिक्कार मार्च निकाला जाएगा।

————————————————————————

जदयू विधानमंडल दल के नेता और उप–नेता का आज चुनाव होगा। इस संबंध में पटना में बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि यह बैठक एक अणे मार्ग में दिन के ग्यारह बजे से होगी। इसमें पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद विधानमंडल दल के नये नेता का चयन किया जाना है।

————————————————————————

राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के संयुक्त सचिव कयूम अंसारी ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की समस्या होने पर लोग नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नम्बर से संपर्क कर सकते हैं। हेल्पलाईन नम्बर है– **सात नौ सात नौ, नौ पांच एक, दो नौ सात**। श्री अंसारी ने बताया है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण ग्यारह पैक्सों का चुनाव स्थगित कर दिया गया है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना के मोकामा के परशुराम स्थान परिसर में कॉमर्शियल बिल्डिंग निर्माण योजना का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे परशुराम मेले का उद्घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री

विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह समेत कई जनप्रतिधि मौजूद रहेंगे।

———————————————————

हड़ताल पर रहने के कारण निलंबित हुए राजस्व कर्मचारियों को निलंबन मुक्त किया जाएगा और उनकी अवकाश अवधि का समायोजन होगा। राजस्व और भूमि सुधार विभाग तथा हड़ताली राजस्व कर्मचारियों के बीच बातचीत में यह निर्णय लिया गया। विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने बताया कि बातचीत में कई मुद्दों पर सहमति बन गई है। हड़ताल अवधि से सेवा प्रभावित नहीं होगी। इस अवधि की अनुपस्थिति के समायोजन के लिए सरकार असाधारण अवकाश स्वीकृत करेगी।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग राज्य में रेलवे के अधीन जमीनों से अतिक्रमण हटाएगा। विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने इस संबंध में सभी जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है। पत्र में जिलाधिकारियों से अपने प्राथमिक कार्यों की सूची में रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के कार्य को रखने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————

नेपाल से भारत आने–जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अब अपना पहचान पत्र अनिवार्य रूप से दिखाना होगा। एसएसबी के उपनिरीक्षक केशवानंद शर्मा ने बताया कि सीमा पार आने–जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना पहचान पत्र के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। पहले पैदल और साईकिल से आने–जाने वाले लोगों को पहचान पत्र दिखाने से छूट मिली हुई थी।

———————————————————

प्रदेश का दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नौ स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। रोहतास के डेहरी का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, कैमूर का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव नौ, बक्सर का बयालीस दशमलव सात और औरंगाबाद का इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। नालंदा, अरवल, शेखपुरा और जहनाबाद का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से

ऊपर दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापामन उनतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक बने रहने की चेतावनी जारी की गयी है। इस बीच, विभाग ने कहा है कि आज उत्तर–पूर्वी जिले अररिया और किशनगंज में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

———————————————————————

बिहार ने ई–मुलाकात पोर्टल के जरिए कैदियों को परिजनों से मिलाने में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। इस व्यवस्था के तहत वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के दौरान राज्य की जेलों में लगभग आठ लाख इक्कीस हजार मुलाकाती पहुंचे। इनमें पंचानवे प्रतिशत से अधिक सात लाख छत्तीस हजार की कैदियों से मुलाकात से पहले उनका नेशनल प्रिजन्स इंफॉर्मेशन पोर्टल पर निबंधन कराया गया।

———————————————————————

पटना के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र की धन कॉलोनी चौराहे के पास एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने बीस लाख रुपये मूल्य के जेवरात लूट लिए। पुलिस ने बताया कि पांच की संख्या में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। लूट की घटना का विरोध करने पर अपराधियों ने दुकान मालिक के साथ मारपीट भी की। सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर डूबने की घटना में सात लोगों की मौत हो गई। पटना के दीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन अलग–अलग गंगा घाटों पर चार लोग डूब गए। इनमें से दो का शव बरामद कर लिया गया है। एसडीआरएफ की टीम दो अन्य की तलाश में जुटी है। वहीं, भागलपुर के कहलगांव में गंगा नदी के बीच स्थित तीन पहाड़ी क्षेत्र घूमने आए दो चचेरे भाइयों की स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई। दूसरी तरफ, पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र के बड़ा बरियारपुर में कररिया मन में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। इधर, सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के कमरगामा किशनपुर गांव में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र पच्चीस अप्रैल तक ओएफएसएस के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अप्रैल निर्धारित थी।

———————————————————————

राजगीर खेल अकादमी में आज से राष्ट्रीय सीनियर रग्बी सेवन्स चैम्पियनशिप के पुरूष वर्ग के मुकाबले हो रहे हैं। प्रतियोगिता में अठारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की टीम हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में ओडिशा की टीम ने बिहार को पराजित कर खिताब अपने नाम किया था।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। इधर, कल खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को चौवन रनों से करारी शिकस्त दी। पंजाब किंग्स अब तक अपराजित रहकर अंक तालिका में पहले स्थान पर है। एक अन्य मैच में ईडन गार्डन्स में मेजबान कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को चार विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की।

———————————————————————

रोहतास जिले के कैमूर पहाड़ी के वन क्षेत्र में प्रतिबंधित वन्यजीव का शिकार करने के मामले में पुलिस और वन विभाग की टीम ने शिवसागर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले के अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के गजराजगंज बाजार स्थित आभूषण दुकान में चोरी के मामले में पुलिस ने बेगूसराय स्थित एक दुकानदार के पास से चोरी के जेवर और चांदी के बिस्कुट सहित तेईस किलो से अधिक आभूषण बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

सहरसा जिला पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के ईनामी अपराधी संजय सदा को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर जिले के अलग–अलग थाने में चार मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने दो दिवसीय बांका दौरे के अंतिम दिन कल विभिन्न सामाजिक और जन कल्याणकारी गतिविधियों में भाग लिया।

———————————————————————

अरवल जिले में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रमुख स्थानों पर अगलगी की घटनाओं से बचाव और सुरक्षा के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी रश्मि ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को अगलगी की घटनाओं से बचाव के लिए सुबह नौ बजे से पहले और शाम को छह बजे के बाद खाना बनाने की सलाह दी जा रही है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – विपक्ष नहीं चाहता, गरीब की बेटियां सदन में पहुंचे।

**दैनिक जागरण** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – डिजिटल अरेस्ट से अब अभय करेगा निर्भय, फर्जी नोटिस पहचानना आसान।

**दैनिक भास्कर** ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर लिखा है – पाक में आज वार्ता, ईरान ने कहा – मांगे मंजूर नहीं।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – जदयू विधायक दल की बैठक आज।

**राष्ट्रीय सागर** के शब्द हैं – सड़क दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज।

**आज अखबार** ने लिखा है – सीबीएसई स्कूलों में तीसरी भाषा के रूप में होगी मैथिली की पढ़ाई।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने के खिलाफ एनडीए महिला कार्यकर्ताओं का आज पटना में आक्रोश प्रदर्शन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी होंगे शामिल।

02. जदयू विधानमंडल दल की आज पटना में बैठक। पार्टी के विधानमंडल दल के नेता और उपनेता का होगा चुनाव।

03. राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी।

04. और, प्रदेश का दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में। रोहतास के डेहरी का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।